सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 15 अप्रैल, 2023

उत्तराखण्ड भ्रमण पर आए भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोंविद और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा–अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने राजभवन में स्थित मृत्युंजय पंचकर्म केन्द्र का भी भ्रमण कर पंचकर्म चिकित्सा पद्धति से सम्बधित जानकारी ली। उन्होंने इस केन्द्र को बनाये जाने के लिए राज्यपाल के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने सुजोक थेरेपी के सम्बन्ध में भी स्माइल सुजोक के डॉ मिनचुल पार्क और डॉ सुभाष चौधरी से जानकारी ली और कहा कि इस थेरेपी को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित किये जाने की जरूरत है। इस अवसर पर श्रीमती सविता कोविंद और श्रीमती गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

..........0..........